# समाचार

## धुमधाम से मनाया गया महापौर का जन्मदिन

## (निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजन, आमनागरिकों ने काटा केक, दी जन्मदिन की बधाईयां )



कोरबा 04 मार्च 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का जन्मदिन आज धुमधाम से मनाया गया। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं शुभचिंतकों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती अग्रवाल की खास उपस्थिति में केक काटकर नागरिकों ने जन्मदिन की बधाईयां व शुभकामनाएं दी तथा उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के जन्मदिन के मौके पर आज नगर के विभिन्न स्थानो ंपर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः महापौर निवास पर काफी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों, शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर महापौर श्रीमती अग्रवाल के जन्मदिन की बधाईयां दी। इस मौके पर नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के साथ जनप्रतिनिधियों व निगम के पार्षदगणों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय आश्रम में जन्मदिन का आयोजन किया गया, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वहां पहुंचकर आयोजन में शामिल हुई, इस मौके पर प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया तथा केक काटा गया। इसी प्रकार संजयनगर बस्ती में भी नागरिकों ने कार्यक्रम का आयोजन किया था, वहां पर भी महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति देते हुए जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुई तथा आमनागरिको की बधाईयां व शुभकामनाएं प्राप्त की। बालको नगर स्थित चन्द्रोदय प्राथमिक शाला एवं परसाभांठा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में भी महापौर ने अपनी उपस्थिति देते हुए विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर केक काटा गया तथा महापौर द्वारा बच्चों को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। बालको के नेहरूनगर बस्ती में भी जन्मदिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, वहां पर भी बस्तीवासियों ने केक काटकर महापौर को जन्मदिन की बधाईयां दी तथा फल व मिष्ठान का वितरण किया। बालको नगर स्थित चर्च में भी महापौर के जन्मदिन का आयोजन नागरिकों द्वारा किया गया था, वहां पर भी जन्मदिन का केक

काटा गया, काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ बर्थडे सांग का गायन किया तथा महापौर को अपनी बधाईयां व शुभकामनाएं दी। बालकोनगर स्थित अस्पताल में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने मरीजों से भेंट की तथा उन्हें व मिष्ठान आदि का वितरण करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल में भर्ती मरीजों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल के जन्मदिन की अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इसी प्रकार नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में अधिकारी कर्मचारियों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की।